# 9 मुस्लिम पीर, मस्जिदें, दरगाह, मीनार व मकबरे

1. राजस्थान में दाऊदी बोहरा सम्प्रदाय की प्रमुख पीठ कहाँ पर है?
(1) गलियाकोट (डूँगरपुर) (2) सलैमाबाद (अजमेर)
(3) महामन्दिर (जोधपुर) (4) गलताजी (जयपुर) (1)

**व्याख्या–** गलियाकोट (डूँगरपुर)– यह दाऊदी बोहरा सम्प्रदाय की आस्था का प्रमुख केन्द्र है। यहाँ संत सैय्यद फखरूद्दीन की मजार है, इसे 'मजार–ए–फखरी' भी कहते है।

2. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का उर्स ................ माह की 1 से 6 तारीख तक मनाया जाता है। रिक्त स्थान भरिए –
(1) मुहर्रम (2) रमज़ान
(3) रज्जब (4) सब्बाल (3)

3. निम्न में से कौनसा युग्म असंगत है ?

| उर्स | स्थान |
|---|---|
| (1) ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती का उर्स | – अजमेर |
| (2) चौटीला पीर का उर्स | – जालौर |
| (3) नरहड़ पीर का उर्स | – झुंझुनूँ |
| (4) तारकीन का उर्स | – नागौर (2) |

**व्याख्या–** चौटीला पीर का उर्स केरला स्टेशन (पाली) में लगता है।

4. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की जीवनी 'होली बायोग्राफी' के लेखक हैं ?
(1) मिर्जा वहीउदीन बेग (2) अब्बास खां सरवानी
(3) मीर उस्मान अली (4) हिसामुदीन सोख्ता (1)

5. बीबी जरीना का मकबरा कहाँ पर स्थित है ?
(1) अजमेर (2) जोधपुर
(3) धौलपुर (4) उदयपुर (3)

6. सफदरगंज मीनार कहाँ पर स्थित है ?
(1) अजमेर (2) जोधपुर
(3) कोटा (4) अलवर (4)

7. मर्दानशाह की मस्जिद राजस्थान के किस किले में स्थित है ?
(1) तारागढ़ (अजमेर) (2) आमेर (जयपुर)
(3) शेरगढ़ (धौलपुर) (4) मंडरायल दुर्ग (करौली) (4)

8. राजस्थान की सबसे प्राचीन मस्जिद मानी जाती है ?
(1) जामा मस्जिद, बारां (2) मेड़ता मस्जिद, नागौर
(3) अलाउद्दीन मस्जिद, जालौर (4) इकमीनार मस्जिद, जोधपुर (3)

9. सैयद बादशाह की दरगाह कहाँ पर स्थित है ?
(1) चौटीला (पाली) (2) शिवगंज (सिरोही)
(3) शाहबाद (बारां) (4) सवाईमाधोपुर (2)

10. मलिकशाह पीर की दरगाह राजस्थान के किस किले में स्थित है ?
(1) सिवाणा का किला (2) जालौर दुर्ग
(3) शेरगढ, धौलपुर (4) मंडरायल दुर्ग, करौली (2)

11. कुतुबद्दीन ऐबक द्वारा अजमेर में बनाया गया 'ढाई दिन का झोपड़ा' जहाँ पर पहले संस्कृत पाठशाला थी, किसके द्वारा बनाई गई थी ?
(1) विग्रह राज द्वितीय (2) पृथ्वीराज तृतीय
(3) विग्रहराज चतुर्थ (4) वासुदेव (3)

12. नरहड़ की दरगाह किस जिले में है?
(1) झुंझनुँ (2) अजमेर
(3) सीकर (4) चुरू (1)

**व्याख्या–** हाजिब शक्कर बार की दरगाह– नरहड़ (चिड़ावा, झुंझुनूं) में स्थित है। इनकी दरगाह नरहड़ शरीफ के नाम से जानी जाती है। जन्माष्टमी के दिन इनका उर्स होता है। यह दरगाह साम्प्रदायिक सद्भाव का अनुठा स्थल है।

13. हिसामुद्दीन चिश्ती की दरगाह स्थित है?
(1) चौमू (जयपुर) (2) गलियाकोट (डूँगरपुर)
(3) कपासन (चित्तौड़गढ़) (4) सांभर (जयपुर) (4)

14. 'अतारकिन–का–दरवाजा' राजस्थान के निम्न में से किस जिले में स्थित है?
(1) अजमेर (2) नागौर
(3) साम्भर (4) सरवाड़ (2)

**व्याख्या–** इस दरवाजे का निर्माण इल्तुतमिश ने ख्वाजा हमीदुद्दीन नागौरी की याद में करवाया था।

15. नीचे दिए गए युग्मों में से असुमेलित युग्म छांटिए–

| (दरगाह) | (स्थान) |
|---|---|
| (1) शेख हमीदुद्दीन मिठ्ठे महाबली | – गागरोन (झालावाड़) |
| (2) मौलाना जियाऊद्दीन की दरगाह | – जयपुर |
| (3) शेख नजमुद्दीन परवाना की दरगाह | – झुंझुनूं |
| (4) शेख बाबा इस्हाक की दरगाह | – बड़ी खाटु (नागौर) (3) |

**व्याख्या–** शेख नजमूद्दीन परवाना की दरगाह फतेहपुर (सीकर) में है।

16. अजमेर के ख्वाजा मोइनुद्दीन किस सूफी सिलसिला से सम्बन्धित है?
(1) चिश्ती (2) सुहरावर्दी
(3) कादिरी (4) नक्शबंदी (1)

17. हजरत अमानीशाह की दरगाह स्थित है–
(1) बीकानेर (2) जयपुर
(3) अजमेर (4) नागौर (2)

18. अजमेर में ख्वाजा साहब के उर्स के दौरान बुलंद दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म कौन अदा करता है?
(1) उदयपुर का बोहरा परिवार
(2) प्रतापगढ़ का सोनी परिवार
(3) मेड़ता का पठान परिवार
(4) भीलवाड़ा का गौरी परिवार (4)

**व्याख्या–** ख्वाजा साहब के उर्स के दौरान बुलन्द दरवाजे पर झंडा चढ़ाने की रस्म भीलवाड़ा के गौरी परिवार द्वारा निभाई जाती है। रज्जब माह की 9वीं तारीख को बड़े कुल की रस्म अदा की जाती है। कुल की रस्म में जायरिनों को गुलाब जल के छींटे मारे जाते है।

19. अढ़ाई दिन का झोपड़ा स्थित है–
(1) नागौर (2) अजमेर
(3) मेड़ता (4) पाली (2)

**व्याख्या–** इसका निर्माण बीसलदेव चौहान (विग्रहराज चतुर्थ) द्वारा 1153 ई. के लगभग संस्कृत पाठशाला के रूप में करवाया था। 1199 ई. के लगभग कुतुबुद्दीन ऐबक ने इसे तुड़वाकर मस्जिद में तब्दील करवा दिया।

20. अब्दुल पीर की मजार स्थित है–
(1) कपासन (चितौड़गढ़) (2) तिजारा (अलवर)
(3) भगवानपुरा (बाँसवाड़ा) (4) सादड़ी (पाली) (3)

21. मिस्कीन शाह साहब की दरगाह कहाँ स्थित है?
(1) अजमेर (2) बूँदी
(3) जयपुर (4) नागौर (3)

22. ख्वाजा मुइनुद्दीन चिश्ती के गुरु का क्या नाम है?
(1) हजरत शेख उस्मान हारूनी (2) ख्वाजा सैयद गयासुदीन
(3) मोइनुद्दीन चिश्ती (4) पीर फखरूद्दीन (1)

23. निम्न में से कौनसी मस्जिद जयपुर जिले में स्थित नहीं है?
(1) ईदगाह मस्जिद (2) नालीसर मस्जिद
(3) अलाउद्दीन की मस्जिद (4) अकबर की मस्जिद (3)

24. सुफी हम्मीदुदीन चिश्ती निम्न में से किसके शिष्य थे?
(1) पीर फकरूद्दीन (2) मोइनुद्दीन चिश्ती
(3) ख्वाजा हिसामुदीन (4) नरहड़ के पीर (2)

25. निम्न में से असत्य है–
(1) खुदाबक्श बाबा की दरगाह– सादड़ी (पाली)
(2) जेठा भुट्टा पीर की दरगाह– बीकानेर
(3) मलिक शाह पीर की दरगाह– जालौर
(4) लैला मजनू की मजार– हनुमानगढ़ (4)

26. ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती का इंतकाल किस स्थान पर हुआ था?
(1) दिल्ली (2) नागौर
(3) अजमेर (4) मुरादाबाद (3)

27. गुलाब खाँ का मकबरा स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बीकानेर
(3) नागौर (4) टोंक (1)

28. अजमेर दरगाह मुख्य द्वार किस नाम से जाना जाता है?
(1) बगली दरवाजा (2) बसंती दरवाजा
(3) निजाम गेट (4) सलीम दरवाजा (3)

**व्याख्या**–इस दरगाह के मुख्य द्वार 'निजाम गेट' का निर्माण हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान द्वारा करवाया गया था।

29. अलाउद्दीन की मस्जिद स्थित है?
(1) धौलपुर (2) अलवर
(3) नागौर (4) जालौर (4)

30. हजरत दीवान–ए–शाह की दरगाह कहाँ पर स्थित है?
(1) कोटा (2) कपासन (चित्तौड़गढ़)
(3) सोजत (पाली) (4) तिजारा (अलवर) (2)

31. मस्तान शाह की दरगाह स्थित है?
(1) धौलपुर (2) तिजारा (अलवर)
(3) सोजत (पाली) (4) जोधपुर (3)

32. कबीरशाह की दरगाह स्थित है?
(1) करौली (2) नागौर
(3) धौलपुर (4) टोंक (1)

33. राजस्थान का कौनसा शहर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की कर्मस्थली रहा है?
(1) बीकानेर (2) नागौर
(3) जयपुर (4) अजमेर (4)

34. निम्न को सुमेलित कीजिये –

| दरगाह | स्थान |
|---|---|
| (क) अहमद अली शाह की दरगाह | 1. झुंझुनूं |
| (ख) कमरूद्दीन शाह की दरगाह | 2. जयपुर |
| (ग) अब्बनशाह की दरगाह | 3. कोटा |
| (घ) अधरसिला दरगाह | 4. प्रतापपुरा (जालौर) |


| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 4 | 3 |
| (2) | 2 | 1 | 4 | 3 |
| (3) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (4) | 3 | 2 | 4 | 1 |


(2)

35. 'निजाम गेट' का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था?
(1) गयासुद्दीन खिलजी (2) शाहजहाँ
(3) इल्तुतमिश (4) मीर उस्मान अली खान (4)

**व्याख्या**– निजाम गेट– यह दरगाह का मुख्य प्रवेश द्वार है। इसका निर्माण 1912 ई. में हैदराबाद के निजाम मीर उस्मान अली खान द्वारा करवाया गया था।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**